nandgaon times march-02-3.qxd 3/1/2026 10:35 PM Page 1

जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यशाला... पृष्ठ 2 | गो सम्मान आह्वान अभियान का... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

सोमवार, 02 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 139, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

संत कबीर के विचार एवं संदेश आज भी प्रासंगिक और मार्गदर्शक : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कबीर मठ धाम नादिया में आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन कार्यक्रम में हुए शामिल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज डोंगरगांव विकासखंड के कबीर मठ धाम नादिया (खुन्जी) में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन में देशभर से पहुंचे सभी संतों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रतिवर्ष संत सम्मेलन के आयोजन के लिए 11 लाख रूपए की स्वीकृति दी। ग्राम नादिया में डोम के निर्माण, मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की। राजनांदगांव में कबीर साहेब के नाम से प्रवेश द्वार होगा। उन्होंने कहा कि संत सम्मेलन के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाल्गुन महोत्सव के रूप में कबीर मठ धाम नादिया में तीन दिवसीय अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन तथा चौका आरती, सात्विक महायज्ञ और भंडारा का बहुत अच्छा आयोजन हो रहा है। उन्होंने सम्मेलन में शामिल होने और संत समाज से मिलने का अवसर प्रदान करने के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि संत कबीरदास जी की प्रेरणास्थली में दानवीर भक्त मालगुजार मंगतू ठाकुर हल्बा आदिवासी समाज से हैं और उन्होंने स्वयं को कबीर पंथ को सौंप दिया है। हल्बा आदिवासी समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। हल्बा समाज के शहीद गैंद सिंह ने आजादी के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। संत कबीर साहेब की वाणी का छत्तीसगढ़ में बहुत प्रभाव है। प्रदेश के एक जिले का नाम संत कबीर के नाम से कबीरधाम है। उन्होंने बताया कि जशपुर जिले के उनके गृह ग्राम बगिया में कबीर पंथ के अनुयायी है और कुनकुरी में उनका आश्रम है, इसलिए वे कबीर पंथ के रीति-रिवाजों से परिचित है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार एवं संदेश आज भी प्रासंगिक और मार्गदर्शक है। उन्होंने कबीर के दोहे का स्मरण करते हुए सदैव सद्गुरू के बताए मार्ग पर चलने कहा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है और यहां की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों को 10.324 करोड़ रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि का भुगतान समय पर किया जा रहा है। सरकार प्रदेश के किसानों एवं जनता के हित के लिए वचनबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जो वादा किया था, उसे मोदी की गारंटी के तहत पूरा किया है। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान की गई तथा अब तक 8 लाख से ज्यादा आवास बन गये है। दो साल का बकाया बोनस किसानों को प्रदान किया गया। तेंदूपत्ता, चरण पादुका, श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना जैसी योजनाओं से जनमानस लाभान्वित हो रहे है। शासन की नवीन औद्योगिक नीति बहुत अच्छी है, जिसके माध्यम से युवाओं को रोजगार देने तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही 500

शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। सरकार द्वारा स्वच्छ प्रशासन देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाना है।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य विभाग मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विविधता भरी संस्कृति का भाव कहीं अन्य देखने नहीं मिलता है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विगत वर्षों में आगे बढ़ा रहा है एवं अब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश उन्नति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निवास में संत एवं साधु समाज उनसे भेंट करने हमेशा आते रहते है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के भावों को व्यक्त करते हुए बताया कि कितने भी व्यस्त रहे, लेकिन सप्ताह में एक दिन अपने परिवार के साथ भोजन अवश्य करें। इससे अपने परिवार जनों के मन के भाव को जान सकेंगे। सत्संग का लाभ लें तथा अपने परिवार से जुड़ें। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने संत सद्गुरूओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारत की पवित्र धरती सदैव संतों, धर्माचार्यों और समाज को दिशा देने वाले महापुरूषों की जन्मस्थली रही है। समय-समय पर ऐसे संतों ने समाज को सत्य और धर्म का मार्ग दिखाया है।

सदगुरू सेवा साहेब और उनका पुण्य प्रताप इतना अधिक था। सद्गुरू सेवा साहेब की पुण्य परंपरा आज भी समाज को प्रेरित कर रही है। उन्होंने बताया कि आदिवासी संत मंगतुराम ठाकुर ने अपना सर्वस्व समाज और धर्म के लिए अर्पित कर त्याग और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस योगदान को समाज हमेशा स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि संतों की यह परंपरा निरंतर समाज को सही दिशा देती रही है और यह मठ उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। संत कबीर साहेब की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उनकी शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। संतों की वाणी मानवता और समाज को प्रेम, संतोष और सदाचार का मार्ग एवं सही राह दिखाती है। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि संत कबीर साहेब के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत कबीर एक मध्य मार्गी संत थे। उन्होंने जीवन में सभी धर्मों के प्रति समभाव और समानता का संदेश दिया है।

लखोली वार्ड के दुर्गा चौक में फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता में शामिल हुए अभिमन्यु मिश्रा और संदीप सोनी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लखोली वार्ड स्थित दुर्गा चौक में वार्डवासियों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फाग गायन एवं झांकी

प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और वार्डवासियों ने धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। अभिमन्यु उदय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि फाग गायन हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के आदर्श हमें सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, सौहार्द और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि लखोली वार्ड के नागरिकों द्वारा इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जाना अत्यंत सराहनीय है। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि फाग और झांकी प्रतियोगिता जैसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियों द्वारा मनमोहक फाग गीत प्रस्तुत किए गए तथा झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में वार्डवासी, महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों का आभार व्यक किया गया।

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
राजनांदगांव (छ.ग.) मो.- 9301033013, 9752899209
ओ.पी.डी. सेवाएं

विशेषज्ञ	समय
मेडिसिन विशेषज्ञ	9:00 बजे से 3:00 बजे तक
शिशु रोग विशेषज्ञ	9:00 बजे से 10:00 बजे तक 1:00 बजे से 2:00 बजे तक
स्त्री रोग विशेषज्ञ	प्रतिदिन 11:00 बजे से 2:00 बजे तक
नाक कान गला रोग विशेषज्ञ	11:00 बजे से 2:00 बजे तक
यूरोलॉजी विशेषज्ञ	प्रत्येक रविवार सुबह 9:00 बजे 11:00 से 1:00 बजे तक
न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ	प्रत्येक गुरुवार सुबह 9:00 बजे 12:00 से मध्याह्न पश्चात 3:00 बजे
स्त्री रोग विशेषज्ञ	सोमवार से शनिवार 11:30 बजे से 2:00 बजे तक
कार्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ	प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार 9:30 बजे से 11:00 बजे तक
सर्जन रोग विशेषज्ञ	प्रतिदिन व मंगलवार शनिवार 10:30 बजे से 2:00 बजे तक
अस्थि रोग विशेषज्ञ	सोमवार से शनिवार 1:00 बजे से 3:00 बजे तक
शिशु रोग स्त्री रोग विशेषज्ञ	प्रत्येक रविवार सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए
अशोक फोरमन नंबर - 7772032888

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में होलिका दहन आज

3 को चन्द्रग्रहण के कारण मंदिर के पट रहेंगे बंद

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मानव सेवा एवं जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी नगर की सेवाभावी संस्था बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानी आश्रम परिसर में 2 मार्च सोमवार की मध्य रात्रि पश्चात होलिका दहन किया जाएगा एवं 3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते मंदिर के पट संध्या ग्रहण समाप्ति तक बंद रहेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्नाबूज् ने बताया कि मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू पर्व में से एक फागुन मास की पूर्णिमा पर पड़ने वाली होलिका दहन 2 मार्च सोमवार को मध्य रात्रि पश्चात विधि विधान से पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया जाएगा। आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहाद्र का यह पर्व फागुन की मस्ती व रंग गुलाल के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीतों के माध्यम से लोक कलाकार व बैगा रुप के सदस्य इस अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ फाग गीतों की प्रस्तुति भी देते हैं।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्नाबूज्, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, कुलबीर सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी, आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, लीलाधर सिंह के अलावा आसपास के मोहल्लेवासी व श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहेंगे।

चंद्रग्रहण पर मंदिर के पट बंद रहेंगे

देश में पहचान बना चुकी मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ के तीनों तलों में विराजमान देवी देवताओं के साथ ही रामदरबार एवं परेश्वर महादेव व श्री बर्फानी दादा के मॉंदिरें के पट 3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण होने के कारण प्रातः आरती पूजन पश्चात सुतक प्रारंभ 9 बजे से चंद्रग्रहण समाप्ति संध्या 7 बजे तक बंद रहेंगी। इसके पश्चात देवी देवताओं का गंगाजल व शुद्ध जलों से स्नान ध्यान करने के पश्चात आरती पूजन की जाएगी।

भरे त्यौहार में पगार नहीं फीकी पड़ेगी सफाई कर्मियों की होली

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। होली जैसे रंगों और खुशियों के पर्व के बीच नगर निगम के सफाई कर्मियों के घरों में इस बार मायूसी का साया छाया हुआ है। महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। त्यौहार के समय जहां हर घर में खुशियां होनी चाहिए वहीं सफाई कर्मियों के परिवारों में चिंता और असंतोष का माहौल है।जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा तीन माह के बकाया वेतन में से केवल दो माह का ही भुगतान किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि शासन स्तर पर किसी भी त्यौहार में वेतन नहीं रोकने की बात कही जाती है।लेकिन स्थानीय स्तर पर इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। सफाई कर्मियों का आरोप है कि होली जैसे बड़े पर्व में भी पूरा भुगतान न किया जाना उनके साथ अन्याय है। वेतन के अभाव में घर खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब सेवानिवृत्त कर्मचारी भी अपने आखिरी छह माह के वेतन के लिए आयुक्त और महापौर कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उम्र के इस पड़ाव में उन्हें राहत मिलनी चाहिए लेकिन भुगतान न मिलने से वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। राज्य सफाई आंदोलन की प्रदेश उपाध्यक्ष

श्रीमती बबिता कुलदीप जो स्वयं वार्ड क्रमांक 26 गोल बाजार गुडाखू लाइन जयस्तंभ चौक क्षेत्र में सफाई कार्य करती हैं ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी पूरी ईमानदारी और लगन के साथ शहर की स्वच्छता बनाए रखने में जुटे हैं, लेकिन उनके परिश्रम का सम्मान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने शासन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी त्यौहार में कर्मचारियों का वेतन नहीं रोका जाना चाहिए।पिर भी नगर निगम द्वारा तीन माह के भुगतान में सिर्फ दो माह का वेतन दिया जाना पूरी तरह अनुचित है। नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर अब सवाल उठने लगे हैं। सफाई कर्मियों का कहना है कि यदि समय पर वेतन नहीं मिला तो वे आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। त्यौहार के समय कर्मचारियों की उपेक्षा से प्रशासन की संवेदनहीनता उजागर हो रही है। सफाई कर्मियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बकाया वेतन का जल्द से जल्द पूरा भुगतान किया जाए ताकि वे भी अपने परिवार के साथ होली का पर्व सम्मान और खुशी के साथ मना सकें। रंगों के इस त्यौहार में जहां पूरा शहर खुशियां मनाने की तैयारी में है वहीं शहर को स्वच्छ रखने वाले कर्मियों की जिंदगी में आर्थिक तंगी का रंग चढ़ा हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन उनकी मांगों पर कब तक संज्ञान लेता है।

महाकाल मंदिर में तीन दिवसीय होली उत्सव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष महाकाल दरबार में तीन दिवसीय होली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में होली को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

02 मार्च को होलिका दहन

मंदिर समिति के अनुसार 02 मार्च की रात्रि 7:00 बजे महाकाल मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से होलिका दहन किया जाएगा। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके पूर्व संध्या 05 से भजन कीर्तन भी होगा।

महाकाल पर ग्रहण की छाया नहीं

महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि च्कालों के काल महाकाल पर किसी भी प्रकार की ग्रहण की छाया नहीं लगती। इसलिए परंपरा अनुसार निर्धारित तिथि पर ही होली दहन और रंगोत्सव आयोजित किया जा रहा है। भक्तजन निःसंकोच श्रद्धा भाव से शामिल हों।ष्

03 मार्च को सायंकालीन होली

03 मार्च की रात्रि 7:30 बजे ग्रहण पश्चात मंदिर परिसर में भक्तों के साथ रंगोत्सव मनाया जाएगा। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच श्रद्धालु बाबा महाकाल के साथ होली खेलेंगे।

04 मार्च को प्रातःकालीन फूलों की होली

04 मार्च की सुबह 5:00 बजे तथा पुनः सुबह 8:30 बजे बाबा महाकाल एवं बाबा चंद्रमौलेश्वर के साथ प्राकृतिक एवं फूलों के रंगों से होली खेली जाएगी। पूरा वातावरण शिवमय भक्ति रस में डूबा रहेगा।

उज्जैन की तर्ज पर आयोजन

समिति ने बताया कि जिस प्रकार महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में होली का विशेष आयोजन होता है, उसी तर्ज पर राजनांदगांव के महाकाल मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम रखा गया है।

विशेष सजावट और भजन संध्या

मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। आरती, भजन, प्रसाद वितरण एवं महाकाल सेना की सक्रिय सहभागिता से आयोजन को भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि होली प्राकृतिक रंगों से खेलें, आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। महाकाल मंदिर सिंघोला में आयोजित यह तीन दिवसीय उत्सव आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का संदेश देगा।

02 मार्च को होलिका दहन, 03 व 04 मार्च को रंगोत्सव

nandgaon times march-02-3.qxd 3/1/2026 10:35 PM Page 2

जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

एफएलएन मेला में स्मार्ट माताका किया गया सम्मान

पदमराज सिह ठाकुर

कबीरधाम(नादगाव टाइम्स)। जिले में शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं एफएलएन मेला का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के समीप शाला परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी सत्र 2026-27 में प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत करना तथा उनके माता-पिता, विशेषकर माताओं और समुदाय को शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक गोपाल वर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर. वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ माताओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों का पारंपरिक स्वागत किया गया। माता संवाद एवं प्रेरणा सत्र, बाल कला, गीत, खेल और कहानी जैसी शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया

गया। शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा को उत्सव के रूप में मनाया गया।

विशेष रूप से च्च्समार्ट माताज्ञ् की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिन्हें शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को अपेक्षित दक्षताओं तक पहुंचाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। माताओं को घर पर बच्चों के लिए सीखने-सिखाने का अनुकूल वातावरण तैयार करने के उपाय भी बताए गए, जिससे बच्चों के कौशल का समग्र विकास हो सके। 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाने के लिए 10 काउंटर लगाकर सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले बच्चों की शाला प्रवेश से संबंधित तैयारी कैसे करे इस संबंध में जानकारी शिक्षकों द्वारा दी गई। माताएं अपने बच्चों के साथ रोचक खेल गतिविधियों में शामिल हुईं। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले में च्ध्अंगना में शिक्षाज्ञ् कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के डीएमसी विनोद श्रीवास्तव, एपीसी राकेश चंद्रवंशी, राजेश कौशिक, बीआरसी कन्हैयालाल साहू, बीआरपी नरेश कुमार सोनी सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अधीक्षिका एवं शिक्षिकाओं ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड से एफएलएन स्टॉल लगाए गए, जिनमें संबंधित शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। अतिथियों के रूप में किरण चौबे, आशा पटवा, झामीन साहू, पार्वती राजेंद्र पाली एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्यामलता साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कक्षा 3 तक के बच्चों में समझ के साथ पढ़ने और बुनियादी गणितीय कौशल विकसित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। 3 से 8 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पढ़ना, लिखना, जोड़ना-घटाना जैसी बुनियादी दक्षताओं को सुनिश्चित करना इस मिशन का लक्ष्य है। खंड स्रोत समन्वयक कन्हैयालाल साहू ने भी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन बीआरपी नरेश कुमार सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक परियोजना अधिकारी राजेश कौशिक ने किया। कार्यक्रम में चारों विकासखंडों से एफएलएन एवं च्ध्अंगना में शिक्षाज्ञ् कार्यक्रम से जुड़ी माताओं, शिक्षिकाओं एवं कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अवैध शराब बिक्री पर कबीरधाम पुलिस की कार्यवाही

एक आरोपी गिरफ्तार, 10.080 बल्क लीटर देशी शराब जप्त

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत घुघरी रोड अटल आवास मार्ग पर अवैध रूप से शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई। दिनांक 27.02.2026 को सहा. उप निरीक्षक सुरेश जायसवाल के नेतृत्व में हमराह स्टाफ आरक्षक 658 धर्मेन्द्र मेरावी, आरक्षक 495 अजय वैष्णव, आरक्षक 456 हिरेन्द्र साहू एवं आरक्षक 447 दिलहरण मरकाम द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर सूचना पर घुघरी रोड अटल आवास जाने वाले मार्ग पर पुल के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी अनिल सारथी पिता शिव सारथी उम्र 27 वर्ष निवासी घुघरी रोड अटल आवास, ग्राम घुघरी कला, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.) को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 48 नग पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा (180 एमएल प्रत्येक) एवं 08 नग पौवा रोमियो प्लेन देशी मदिरा (180 एमएल प्रत्येक) कुल 10.080 बल्क लीटर शराब तथा बिक्री रकम 200 रुपये जप्त की गई। जप्तशुदा शराब की कुल कीमत 4,640 रुपये आंकी गई है। आरोपी द्वारा शराब रखने एवं विक्रय संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख, 34(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर दिनांक 27.02.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना कोतवाली कवर्धा स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा भजन और फाग गीत का आयोजन किया गया.....

रतनपुर (नांदगांव टाइम्स)। माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा मातृशक्ति प्रभारी श्रीमति सावित्री गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी बाजार रतनपुर

में भजन,फाग गीत और फूल की होली खेलकर एक दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामनायें दी गई। इस कार्य में लखराम प्रभारी श्रीमती शशि गुप्ता और ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रही। ट्रस्टी अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने सबको होली की अग्रिम शुभकामनायें दिए।

दुर्ग शहर कांग्रेस की निकिता मिलिंद बनी महामंत्री

दुर्ग (नांदगांव टाइम्स)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने दुर्ग शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी में ऊर्जावान नेत्री निकिता मिलिंद को महामंत्री की बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है इस नियुक्ति पर नवनियुक्त महामंत्री निकिता मिलिंद ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का हृदय से आभार, जिन्होंने मुझे महामंत्री के रूप में संगठन की सेवा का अवसर दिया।मैं विशेष रूप से आदरणीय धीरज बाकलीवाल जी का आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने एवं कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करूँगी।

होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक संपन्न

छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)। होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से छुईखदान थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और खुशियों का त्योहार है, इसे प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या अव्यवस्था की स्थिति में प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। तहसीलदार ने आमजन से अपील की कि त्योहार के दौरान शासन-प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। वहीं थाना प्रभारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि होली के दौरान शराब पीकर हंगामा करने वालों, सार्वजनिक स्थानों पर उपद्रव मचाने वालों तथा तेज रफ्तार व स्टंट के साथ बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों पर विशेष नजर रखी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती रंग लगाना, नशे की हालत में वाहन चलाना, तेज आवाज में डीजे बजाना एवं शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि होली के दिन संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। डायल 112 एवं थाना स्तर पर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। आम नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें और शांति से होली मनाएं।

बैठक में पत्रकार सज्जाक खान, संदीप महोबिया, अंकित महोबिया,अनिल यादव ,नीलम वैष्णव सहित अन्य पत्रकारगण एवं अनेक नगरवासी मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इधर, होली पर्व को लेकर नगर का बाजार पूरी तरह रंगों में रंगा नजर आ रहा है। बाजार में गुलाल, अबीर, रंग, पिचकारी, गुब्बारे, बच्चों के खिलौने एवं तरह-तरह के होली सामग्री से दुकानें सजी हुई हैं। सुबह से ही बाजार में खरीदारों की भीड़ देखने को मिल रही है। व्यापारियों के अनुसार इस बार होली का बाजार अच्छा चल रहा है और लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह है। बैठक के अंत में प्रशासन, शांति समिति के सदस्यों एवं नगरवासियों ने मिलकर शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया।

होलिका दहन की पावन अग्नि नकारात्मकता के अंत और नई ऊर्जा का संदेश

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेश खत्री का संदेश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य योगेश खत्री ने होलिका दहन के पावन अवसर पर कहा कि होलिका दहन की अग्नि को सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र और ऊर्जा से भरपूर माना गया है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन की नकारात्मकता, अहंकार और बुराइयों को समाप्त करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे बड़े-बुजुर्गों के अनुसार होलिका दहन की अग्नि की परिक्रमा करना मात्र एक परंपरा का निर्वहन नहीं है बल्कि यह ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और अपनी भूलों के लिए क्षमा याचना करने का एक माध्यम भी है। अग्नि के चारों ओर श्रद्धा और आस्था के साथ परिक्रमा करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है।

श्री खत्री ने आगे आगे कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। होलिका दहन के माध्यम से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम अपने भीतर की बुराइयों, ईर्ष्या-द्वेष और नकारात्मक विचारों को त्यागकर एक नई शुरुआत करें। यह पर्व सामाजिक समरसता और एकता को सुदृढ़ करने का भी अवसर है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस पावन पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाएं और समाज में सौहार्द एवं सकारात्मकता का वातावरण बनाए रखें। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित और स्वच्छ होली मनाने का संदेश भी दिया। अंत में उन्होंने सभी जिलेवासियों को होली और होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन, गुन्टुर विजयवाड़ा में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ, जिला इकाई राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्टता साबित कर दिखाया है। आगामी 26 मार्च से 07 अप्रैल 2026 तक गुन्टुर विजयवाड़ा (तेलंगाना) में आयोजित 15वीं एनटीपीसी मिनी आर्चरी टूर्नामेंट 2026 में चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिष्ठान बढ़ाने के लिए अपने दमदार प्रदर्शन से भाग लेंगे।राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों में इंडिया राउंड यू-15 में बालिका वर्ग से तिथि चौबे (चौथा स्थान) पीएमश्री सेजेस डोंगरगांव, बालक वर्ग में सुमित यादव (तृतीय स्थान) शहीद पूर्णानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, जंगलपुर, इंडिया राउंड यू-13 बालिका वर्ग में मिस्ती सिन्हा (तृतीय स्थान) गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव, बालक वर्ग में ओजल कुमार यादव (पंचम स्थान) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, रामपुर, इंडिया राउंड यू-10 बालिका वर्ग में मान्या साहू (द्वितीय स्थान) राजेश्वरी करूणा हायर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव, बालक वर्ग में अक्षत खरे (प्रथम स्थान) गायत्री विद्यापीठ, केसर नगर, भाव्या साहू (द्वितीय स्थान) श्री गुरुनानक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव, अर्थ साहू (चतुर्थ स्थान), इंडिया राउंड यू-15 कुमकुम साहू (पंचम स्थान) हायर सेकेंडरी स्कूल, जंगलपुर शामिल है। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की ओर से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खासकर जंगलपुर में संचालित प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से संघ ग्रामीण बच्चों को बेहतर दिशा और मंच प्रदान कर रहा है। इसका परिणाम यह है कि संघ के प्रयासों से पांच बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के संरक्षकगण सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख, संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा, उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, रामपुर जनपद सदस्य मनीष साहू, रामपुर सरपंच सतीश सिंह, जंगलपुर सरपंच भूपेंद्र साहू, जंगलपुर प्राचार्य पुनाराम यादव, स्पोर्ट टीचर मनीष पांडे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष चंदू साहू, सहित पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके आगामी प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

समाह के सितारे (02 मार्च 2026)

दैनिक शुभ राशि

सोम	2- 4- 8 - 9	24-42-28-82-48-84
मंगल	1- 3 - 7 - 9	37-73-39-93-79-97
बुध	2 - 4 - 5 - 7	24-42-27-72-47-74
गुरू	3- 4 - 9 - 0	34-43-30-03-90-09
शुक्र	2 - 3 - 4 - 8	29-92-34-43-78-87
शनि	3 - 5 - 6- 0	67-76-12-21-09-09

अंकों का बादशाह -5 समाह में अचूक 1 - 4 - 6 - 0

समाह का वरदान -9 स्पेशल - 68- 57 -24 -78

समाह में देखे

(1) 11 - 14 - 16 - 10 (6) 61 - 64 - 66- 60
(2) 21 - 24 - 26 - 20 (7) 71 - 74 - 76 - 70
(3) 31 - 34 - 36 - 30 (8) 81 - 84 - 86 - 80
(4) 41 - 44 - 46 - 40 (9) 91 - 94 - 96 - 90
(5) 51 - 54 - 56 - 50 (10) 01 - 04 - 06 - 00

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

(कल्याण)	(नाइट बाजार)
**-76-59-35-12-70	**-30-23-83-52
91-78-82-20-54-65	28-55-20-73-87
77-00-36-25-88-27	82-93-22-34-30
94-31-55-49-18-15	46-29-38-92-65
97-49-71-17-12-33	76-39-48-53-09

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

राजधानी रायपुर में 4 व 5 अप्रैल को होगा समाज का परिचय सम्मेलन, अग्र मंथन व अग्र धरोहर भी

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। माई की नगरी में हुई संगोष्ठी। स्थानीय स्वागतम लाज में अग्रवाल सभा रायपुर के तत्वाधान में चार व पांच अप्रैल को आयोजित परिचय सम्मेलन की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल समाज रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में किशन अग्रवाल मनमोहन अग्रवाल सतपाल जैन विशंभर अग्रवाल डॉक्टर नीरज अग्रवाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं स्थानीय संरक्षक हुकुमचंद अग्रवाल सिद्ध गोपाल नरेडी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल मंचस्थ थे बैठक को संबोधित करते हुए अतिथियों ने समाज की पुरानी परंपरा के अनुरूप सामूहिक विवाह के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया। अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान परिवेश में हमें एक दूसरे से ज्यादा परिचित एवं ज्यादा सामाजिक होना चाहिए सभी सामाजिक बुराइयों के पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण होते हैं समाज द्वारा समाज के लिए किये जा रहे प्रयासों के प्रति हमारा दृष्टिकोण बदलना जरूरी है। अग्रवाल समाज एक प्रगतिशील समाज है जो अपने बच्चों को देश-विदेश भेजकर अच्छी ऊंची शिक्षा तो दे रहा है किंतु अपने रीति रिवाज एवं परंपराओं का संवर्धन व संरक्षण भी आवश्यक है। अविवाहित रहना या देर से विवाह करना अंतर्जातीय विवाह करना जैसी स्थितियां एवं कठिनाइयों से समाज गुजर रहा है उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेलन कोई विवाह का मंच नहीं है पर यह निश्चित रूप से हमारे लिए हमारे बच्चों के लिए समाज से परिचय का अवसर प्रदान करना मात्र है। उन्होंने कहा कि हम एक वाक्य जो सूत्र के रूप में वर्णित है परिचय होगा तो संबंध भी होंगे को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। बताया गया कि इस दौरान अग्र धरोहर एवं अग्र मंथन का कार्यक्रम भी होगा। अग्र धरोहर में छत्तीसगढ़ महतारी के लिए समाज के द्वारा किए गए कार्य कर्तव्य एवं प्रयास का उल्लेख होगा इसके लिए संपूर्ण प्रदेश से सुझाव बुलाये जा रहे हैं सामाजिक सेवा कार्यों की संपूर्ण जानकारी भी एकत्र की जा रही है। इसके अलावा अग्र मंथन में वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा होगी समाज के अंदर कमियों एवं बुराइयों से लड़ने एकांगी होते परिवार शादियों एवं अन्य समारोह में होने वाले दिखावे के संबंध एवं विवाह के बाद होने वाले अलगाव की निरंतर खबरें संस्कार विहीन नई पीढ़ी नशे की गिरफ्त में पहुंचता समाज सहित आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारा संयुक्त मंच हो जिस पर हम इन विषयों पर लगातार चर्चा करें। एक रूपरेखा बनाकर संयुक्त रूप से इन कमियों एवं दुष्प्रचार से लड़ने का प्रयास हो इसलिए परिचय सम्मेलन के साथ-साथ इन विषयों पर भी बैठक आवश्यक है। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में बहुत से मंच कार्य कर रहे हैं किंतु अग्रवाल सभा रायपुर ने इस विषय पर गंभीरता दिखाई है हमारा आवाहन है कि सभी मंच एक साथ एकजुट होकर आपसी सहयोग एवं सामंजस स्थापित कर आगे बढ़े तभी समाज का विकास संभव होगा। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल हुकुमचंद अग्रवाल अग्रवाल सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल गोपाल खेमुका जमात मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल पूनमचंद अग्रवाल सहित अन्य स्थानीय लोगों ने अपने विचार रखे एवं चार एवं पांच अप्रैल को होने वाले इन तीनो कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में सिद्ध गोपाल नरेडी जगन्नाथ अग्रवाल योगेश अग्रवाल मधुसूदन अग्रवाल कैलाश गोयल उमाशंकर अग्रवाल शरद अग्रवाल अधिवक्ता गोपाललाल अग्रवाल कमल किशोर लोहिया द्वारका प्रसाद भूत प्रकाशचंद्र अग्रवाल गणेश नरेड़ी गिरधारी मेहरिया राजेश भूत केशव अग्रवाल अजय बिंदल नवदीप अग्रवाल संदीप पचेरीवाला राजेश अग्रवाल कैलाश गोयल राकेश भूत प्रकाश नरेड़ी संजय अग्रवाल नितिन पचेरीवाला मधुसूदन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।



ज्ञान मंथन

1) भारत का पहला राज्य कौन सा है जिसने एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर टूरिज्म सेवाएं शुरू की हैं?
2) नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन किस मंत्रालय की पहल है?
3) किस भारतीय राज्य में सरंडा वन स्थित है, जिसे व्हात सौ पहाड़ियों की भूमिज्ज् कहा जाता है?
4) किस देश ने ऑपरेशन मिडास, एक बड़ा भ्रष्टाचार विरोधी जांच अभियान शुरू किया है?
5) ओडिशा में पहली बार सफलतापूर्वक उगाए गए यूस्टोमा फूल का मूल स्थान कौन सा क्षेत्र है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) मध्य प्रदेश (2) वस्त्र मंत्रालय (3) झारखंड (4) यूक्रेन (5) मेक्सिको और अमेरिका

गो सम्मान आह्वान अभियान का प्रादेशिक कार्यशाला आज

सत्ताईस अप्रैल को सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे गोभक्त

अरविन्द तिवारी

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। गौमाता को सम्मान दिलाने के उद्देश्य से इन दिनो पूरे भारत वर्ष में एक अनोखा अभियान गो सम्मान आह्वान अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत भारत के प्रत्येक राज्यों में एकदिवसीय कार्यशाला होने जा रहा है , भारत के प्रमुख संत इन कार्यशालाओं को संबोधित करेंगे। इसी कड़ी में 01 मार्च को अंगुल – संबलपुर (उड़ीसा) से होते हुये यह यात्रा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर प्रवेश कर रात्रि विश्राम की। इसके पश्चात दूसरे दिन आज 02 मार्च को प्रात: आठ बजे से सायं छह बजे तक गो दुर्गं मंदिर , खमतराई पुलिस स्टेशन के पास भनपुरी में बैठक होगी। इस दौरान सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक छह सत्रों में परिचय सत्र , अभियान फिल्म , अभियान उद्बोधन , कार्य योजना , कार्य पद्धति , कार्य विभाजन , आपसी चर्चा और आगामी योजना सम्पादित होंगे। इसके बाद सभी गोभक्तों को संतों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यहां आने वाले सभी गोभक्तों के लिये अभियान समिति द्वारा भोजन प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई है। गो सम्मान आह्वान अभियान समिति ने प्रदेश भर के गोभकों से इस कार्यशाला में शामिल होने की अपील की है। यहां आयोजित कार्यशाला के समापन पश्चात यह यात्रा देर शाम रायपुर (छत्तीसगढ़) से भंडारा (महाराष्ट्र) के लिये रवाना हो जायेगी।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये इस अभियान के तहत देश भर में भ्रमण कर रहे संत गोपेश कृष्ण दास ने अरविन्द तिवारी को बताया कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी अनेकों राज्यों और

केन्द्र शासित प्रदेशों में निर्बाध गोवध हो रहा है , गो अपमानित हो रही है , निराश्रित विचरण कर रही है , असंख्य गोवंश अत्यधिक दुखी है। उसे सम्मान दिलाने के लिये देश भर में गहन प्रचार प्रसार एवं जनसंपर्क कर सभी संतान भारतीय समाज को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। तत्पश्चात पूर्ण तैयारी करके 27 अप्रैल 2026 (सोमवार) को उस क्षेत्र के सभी गोभकों एवं संतों के साथ मिलकर तहसील /ब्लॉक मुख्यालय जाकर सक्षम अधिकारी तहसीलदार/ एसडीएम को माननीय राष्ट्रपति महोदया , भारत के प्रधानमंत्री महोदय , राज्य के माननीय राज्यपाल महोदय , राज्य के मुख्यमंत्री महोदय के नाम गो सेवा , गो सुरक्षा और गो सम्मान के निमित्त प्रार्थना पत्र सौपेंगे। इस अभियान के अध्यक्ष नंदी बाबा और प्रधान संरक्षक भगवती गौमाता होगी। किसी संस्था और संगठन के बैनर तले और किसी व्यक्ति या संत के नेतृत्व में काम ना होकर , नंदी बाबा की अध्यक्षता और गौ माता की प्रधान संरक्षता में यह कार्य होगा। इसके अलावा शेष सभी भारतीय संत महापुरुष , गो सेवक भाई – बहन धरातल पर अभियान विषयक काम निष्कामतापूर्व देखेंगे। संतों का मानना है कि एक ही दिन 27 अप्रैल 2026 को देश भर के पचास / साठ लाख गोभक्तों की एक साथ गो सेवा , गो रक्षा और गो सम्मान की शांतिपूर्ण मांग उठेगी , तो सरकार निश्चित रूप से इस कार्य को करने का मन बना ही लेगी। गो सम्मान आह्वान अभियान गो सेवा का कार्य सुचारू रूप से प्रारम्भ हो जायेगा , जिससे पूरे विश्व का मंगल होगा।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी जारी

इसी कड़ी में गो सम्मान आह्वान अभियान द्वारा श्री गोपाल परिवार संघ , धेनु धन फाउंडेशन , श्री ओंकार गौविज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान मे केवल छत्तीसगढ़ वासियो के लिये यहां तीन दिवसीय नि:शुल्क पंचगव्य गो उत्पाद प्रशिक्षण शिविर भी जारी है। छत्तीसगढ़ के कोने – कोने से पहुंचे महिला / पुरूष प्रशिक्षणार्थियों को भोपाल से आये डॉ0 ओमप्रकाश मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात सभी गोभक्त स्वयं का व्यापार शुरू कर सकते हैं और इनके गो उत्पादों की बिक्री मे धेनु धन फाउंडेशन भी हर संभव सहायता करेगा।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से साकार हो रहा ऊर्जा आत्मनिर्भरता का संकल्प

रायपुर । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को

जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आज नागरिक न केवल बिजली व्यय में राहत पा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सशक्त कदम बढ़ा रहे हैं। कोरबा जिले के खरमोरा निवासी श्री हीरा राम साहू इस योजना से लाभान्वित होने वाले नागरिकों में से एक हैं। उन्हें योजना की जानकारी समाचार माध्यमों से प्राप्त हुई। योजना की विशेषताओं एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने अपने निवास पर सोलर पैनल स्थापित कराने का निर्णय लिया, जून 2025 में उन्होंने अपने घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित कराया, जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये आई। जिसमें केंद्र द्वारा 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की शासकीय सहायता प्राप्त होने से उन पर आर्थिक भार में कमी आई और योजना का लाभ उन्हें सहज रूप से प्राप्त हुआ। उनके परिवार में चार सदस्य हैं। पूर्व में उनके घर में विद्युत उपयोग मध्यम स्तर का था तथा प्रतिमाह विद्युत बिल एक नियमित व्यय के रूप में देय होता था। पैनल स्थापना के पश्चात पारंपरिक विद्युत पर उनकी निर्भरता लगभग समाप्त हो गई है। वर्तमान में उनका मासिक विद्युत बिल मात्र 30 से 70 रुपये के मध्य आ रहा है।

निधन

रमेश जैन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। सदर लाइन डोंगरगांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक , कवि रमेश जैन राही का निधन शुक्रवार को हो गया वे 63 वर्ष के थे वे शिक्षक राहुल जैन , रितेश जैन, रूपेश जैन के पिता थे उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया, अंतिम संस्कार में मोहल्लेवासी, नगरवासी, परिवार वाले, तथा सामाजिक बंधु शामिल हुए थे।

अटल विहार योजना अंतर्गत आशा नगर में निर्मित एमआईजी, एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस भवनों के लिए पंजीयन प्रारंभ

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना के तहत राजनांदगांव शहर के आशा नगर में सर्व सुविधायुक्त कालोनी विकसित की गई है। यह कॉलोनी शहर के रेवाडीह नेशलन हाईवे जीई रोड़ से मात्र 300 मीटर की दूरी, मां पाताल भैरवी मंदिर से मात्र 700 मीटर की दूरी पर स्थित है। यहां से नया बस स्टैण्ड ढाई किलोमीटर और रेलवे स्टेशन 3.50 किलोमीटर। की दूरी पर स्थित है। कॉलोनी में बच्चों के लिए प्लेग्राउण्ड, गार्डन, स्टिल्ट पार्किंग, लिफ्ट, चौड़ी सड़क सहित अन्य सुविधाएं है। साथ ही बाउंड्रीवॉल, सीसीटीवी और गार्ड रूम से पूर्णतया सुरक्षित है।

अटल विहार योजना के तहत राजनांदगांव शहर के आशा नगर में 1.57 एकड़ भूमि पर विभिन्न आय वर्गों के लिए मकान बनाया जाएगा। जिसमें एमआईजी भवन 32 नग, एलआईजी भवन 48 नग, एवं ईडब्ल्यूएस भवन 16 नग बनाया जायेगा। जिसके तहत एमआईजी भवन (2-बीएचके) जिनकी कुर्सी क्षेत्रफ्ल 800.32 वर्गफीट एवं राशि 22.30 लाख रूपए है। हितग्राही 2.30 लाख रूपए में पंजीयन कर सकते है। जिसमें 11*12 फीट का दो बेडरूम एक में बॉलकनी अटैच, 12*18 फीट का हॉल, 8*10 फीट का किचन, दो टायलेट-बाथ अटैच एवं कॉमन रहेगा। एलआईजी भवन (2-बीएचके) जिनकी कुर्सी क्षेत्रफ्ल 622.24 वर्गफीट एवं राशि 17.40 लाख रूपए है। 3 से 6 लाख रूपए तक आय वर्ग के हितग्राही 50 हजार रूपए में पंजीयन कर सकते है। जिसमें दो बेडरूम 10*11 फीट में बालकनी अटैच, हॉल 10*15 फीट, किचन 7*8 फीट अटैच वॉस ऐरिया एवं टायलेट-बाथ एवं ईडब्ल्यूएस भवन (1-बीएचके) जिनकी कुर्सी क्षेत्रफ्ल 405 वर्गफीट एवं राशि 9.50 लाख रूपए है। 3 लाख से कम आय वर्ग के हितग्राही मात्र 25 हजार रूपए में पंजीयन करा सकते है। जिसमें बेडरूम 1039.50 फीट बालकनी अटैच, हॉल 1139.50 फीट, किचन 636 फीट अटैच वॉस ऐरिया एवं टायलेट-बाथ रहेगा। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल की वेबसाईट से पंजीयन कर सकते है।

लोक मंडई के आयोजन के लिए ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में विस्तृत चर्चा किया गया

तुमडीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)। आगामी मार्च माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले लोक मंडई के आयोजन के लिए ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में शाम को इस बारे में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें संयोजक गुलाब वर्मा, टाइगर क्लब और व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन, ग्राम पंचायत के सरपंच भुनेश्वरी रोहित साहू, ग्राम पटेल अमरोतन साहू, उप सरपंच भूपेन्द्र सोनवानी, खेलूराम साहू, लोक रंग रावपुर के संचालक तिलक राजा, ने लोक मंडई के बारे में अपनी बात रखी। जिसमें ग्राम के व्यापारी संघ के संरक्षक सुरेश जैन, सुनील जैन, मोहित पटेल, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू (लीलू), धरम जैन, आकाश जैन, राकेश शर्मा(मीडिया प्रभारी),पीतांबर साहू, हीरालाल सिन्हा,जयराम साहू, टीकम पटेल, तुलसी साहू, प्रभात साहू, उर्वसन साहू, राजेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, संतोष साहू, गणेश साहू, जितेंद्र साहू, राजा साहू, झमित साहू, संगीत वर्मा, मोनू साहू, राजू साहू, दिलीप श्रीवास्तव, धरम ठाकुर, राजकुमार साहू, पंच बासन साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शिक्षाजगत के मार्गदर्शक को भावभीनी विदाई

डोंगरगांव विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. एल. पात्रे का सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा क्षेत्र में अपने दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल के पश्चात डोंगरगांव विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर एल पात्रे के सेवानिवृत होने पर समस्त संकुल समन्वयक, डोंगरगांव द्वारा मनगटा रिसॉर्ट में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया समारोह में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी क्षितिज सोरी, श्री किशन देशमुख, सुश्री रश्मि ठाकुर एवं प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जयंत साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सभी शैक्षिक समन्वयकों ने संयुक्त रूप से श्री पात्रे के सफल कार्यकाल, मृदुभाषी व्यक्तित्व, कुशल नेतृत्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। संकुल समन्वयकगण — नीलमणि साहू, शत्रुघन तिवारी, डामन साहू, नेतराम साहू, सनतकुमार साकरे, दानीराम वर्मा, लछ्छू साहू, डीलेश्वर सांडिल्य, देवेंद्र किशोर साहू, राहुल जैन, चंद्रपुण्डेंद्र साहू, वेदराम ठाकुर, प्रकाश साहू, प्रदीप ध्रुव, सौरभ तिवारी, नूतन हिरवानी, दुर्ध्वत कुमार साहू, सोमनाथ माहला, माखन राठे, धनसाय सलामे, यशवंत देवांगन एवं दयानंद निषाद ने श्री पात्रे के साथ बिताए वर्षों को याद करते हुए उन्हें शिक्षा जगत का प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन संकुल समन्वयक नीलमणी साहू (मनेरी) द्वारा किया गया। समारोह में आत्मीयता, सम्मान और कृतज्ञता का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में कहा कि आर. एल. पात्रे का मार्गदर्शन शिक्षा परिवार के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उनके अनुभव और सादगीपूर्ण व्यवहार को शिक्षा जगत लंबे समय तक याद रखेगा। इस मौके पर

समस्त शिक्षा परिवार की ओर से आर. एल. पात्रे को स्वस्थ, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

धर्म समाचार....

होलिका दहन की राख के उपाय से दूर होगा घर का वास्तु दोष, खुलेंगे तरक्की के मार्ग

होली का त्योहार सिर्फ रंगों की मौज-मस्ती नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर की बुराइयों को जलाकर एक नई शुरुआत करने का दिन है। होलिका दहन की आग में जब हमारा अहंकार और जीवन की बाधाएं जलती हैं, तो उसके बाद बची हुई राख बहुत पवित्र और असरदार हो जाती है। यह राख आग से तपकर निकलती है, जो घर के माहौल को सुधारने की ताकत रखती है। इस पवित्र राख का सही तरह से उपयोग आपके जीवन के सही संचालन में बहुत काम आता है। न्यूमरोलॉजी और पुराने जानकारों का मानना है कि इसमें सोई हुई किस्मत को फिर से जगाने की शक्ति होती है। जब आप पूरे मन से इसे अपनाते हैं, तो यह स्वभाव में सहजता लाती है और पुरानी चिंताओं को दूर करने का जरिया बनती है।

वास्तु दोष दूर करने का आसान उपाय

वास्तु के हिसाब से अगर घर में बेवजह के झगड़े या तनाव बना रहता है, तो समझ लीजिए कि घर की ऊर्जा में कुछ कमी है। होलिका की राख इन खराब तरंगों को शांत करने में बहुत मददगार होती है। दहन के

अगले दिन सुबह नहाकर थोड़ी सी राख ले आएं और उसे लाल कपड़े में बांधकर मुख्य दरवाजे पर लटका दें। इससे घर में नकारात्मक बातों के आने की आशंका बहुत कम हो जाती है। घर के कोनों में हल्की सी राख छिड़कने से वहां जमी हुई भारीपन वाली ऊर्जा खत्म होने लगती है। यह छोटा सा काम आपके व्यवसाय की रुकावटों को दूर करने की संभावना को बढ़ाता है। इससे घर का कोना-कोना हल्का महसूस होता है और परिवार में तरक्की का रास्ता खुलता है।

किस्मत बदलने और बरकत के तरीके

अगर कड़ी मेहनत के बाद भी पैसा हाथ में नहीं टिकता या आर्थिक तंगी बनी रहती है, तो एक चुटकी राख को लाल कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख दें। यह उपाय फालतू के खर्चों को रोकने और धन को स्थिर रखने में काफी मदद करता है। इसके अलावा, सुबह नहाने के बाद माथे पर इस राख का छोटा सा तिलक लगाने से मन को बहुत मजबूती मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह उन लोगों के लिए बहुत अच्छा है जो बार-बार काम बिगड़ने से परेशान रहते हैं। ऐसा करने से आपकी बड़ी इच्छाएं पूरी होने की दिशा में अच्छे बदलाव दिखने लगते हैं। इस दौरान मेडिटेशन करने से मन शांत रहता है और जीवन में सफलता के नए दरवाजे खुलते हैं।

व्यापार में सफलता और नजर दोष से बचाव

काम की जगह या ऑफिस में होलिका की राख की एक छोटी पुड़िया रखना बहुत शुभ होता है। इसे अपने कैश काउंटर या काम करने वाली मेज के पास रखें, इससे काम में आने वाली अड़चनें और बाधाएं कम होती हैं। माना जाता है कि यह करियर में नई और अच्छी संभावना पैदा करता है।

अगर घर के बच्चों को जल्दी नजर लग जाती है, तो राख को उनके सिर से सात बार वारकर बहते पानी में डाल देना एक पुराना और भरोसेमंद तरीका है। यह तरीका आपके काम में मजबूती लाता है और आपको बुरी नजर से बचाकर आगे बढ़ने में पूरी मदद करता है। यह उपाय आपके व्यावसायिक जीवन को स्थिर बनाने में विशेष रूप से सहायक सिद्ध होता है।

कहीं आप तो नहीं कर रहे घर के मंदिर में ये गलतियां, जरूर मानें वास्तु नियम, पूजा होगी सफल

सनातन धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व है। घर के मंदिर में वास्तु शास्त्र के नियम पालन जरूर करना चाहिए। इससे जातक को पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। परिवार में सुख-शांति और घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। ऐसे में आइए इस आर्टिकल में आपको बताते हैं कि मंदिर से जुड़े वास्तु टिप्स, जिनका पालन करने से घर में खुशियों का आगमन होता है। ऐसा माना जाता है घर का मंदिर शुभ दिशा में होने से पूजा सफल होती है और परिवार के सदस्यों पर देवी-देवताओं की कृपा बनी रहती है। इसलिए मंदिर के लिए उत्तर-पूर्व दिशा को शुभ माना जाता है। इससे पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है और काम में कोई बाधा नहीं आती है। एक बात का खास ध्यान रखें कि मंदिर को दक्षिण दिशा और बेडरूम में नहीं होना चाहिए और सीढ़ियों के नीचे मंदिर नहीं होना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां लक्ष्मी का वास साफ-सफाई वाली जगह पर होता है। इसलिए मंदिर में साफ-सफाई का ध्यान रखें। मंदिर में बासी फूल, सूखी मालाएं न रखें। इन चीजों को पवित्र नदी में बहा दें। मंदिर में दीपक को प्रभु की प्रतिमा को सामने रखना चाहिए। इसके लिए दक्षिण-पूर्व दिशा को शुभ माना जाता है। इसके अलावा मंदिर में कलश को भगवान के दाहिने हाथ की तरफ रखना चाहिए। अक्सर लोग मंदिर में अपने पितरों की तस्वीर को रखते हैं, लेकिन इस तरह की गलती को भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इससे जातक को वास्तु दोष की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। घर की दक्षिण दिशा को पितरों की मानी जाती है। इस दिशा में पितरों की तस्वीर लगानी चाहिए। मंदिर में कभी भी देवी-देवताओं के उग्र रूप की तस्वीर को नहीं रखना चाहिए। जैसे- महादेव तांडव करते, हनुमान जी युद्ध करते हुए की प्रतिमा।

nandgaon times march-02-3.qxd 3/1/2026 10:35 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

होली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : राजनांदगांव में 300 जवानों के साथ फ्लैग मार्च

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर की उपस्थिति में शनिवार को नगर क्षेत्र में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया।

पुलिस लाइन से प्रारंभ हुआ यह फ्लैग मार्च गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक और गंज चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होते हुए संपन्न हुआ। लगभग 300 पुलिस अधिकारी एवं जवानों की मौजूदगी ने शहरवासियों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन को यह संदेश देना था कि होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है, वहीं असामाजिक तत्वों को भी सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, जिनमें प्रमुख चौराहों पर फिक्स प्वाइंट, लगातार पेट्रोलिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल की तैनाती तथा ड्रोन कैमरों से निगरानी शामिल है। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग मचाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सादी वर्दी में पुलिस बल और महिला टीमों की तैनाती भी की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिला पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली को आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। जबरन रंग लगाने, अभद्र व्यवहार करने या सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें तथा शराब सेवन कर वाहन न चलाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह भी किया गया है।

झूलेलाल जयंती 20 मार्च को मनाई जायेगी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सिंधी समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल की 1076 वीं जयंती 20 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ अर्जुन दास पंजवानी, आवतराम तेजवानी एवं ब्रम्हानंद बजाज ने बताया कि आज झूलेलाल नगर स्थित सिंधु भवन में विराट बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि समाज द्वारा 20 मार्च को सभी प्रतिष्ठान बंद किए जाएंगे और जयंती के पूर्व तीन दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारी के लिए युवाओं को जवाबदारी देने हेतु बैठक में चर्चा की गई और तैयारीयो को मूर्त रूप दिया गया । शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा एवं आकर्षक एवं मनमोहक शोभायात्रा भी निकलेगी साथ ही विविध कार्यक्रम भी होंगे ।बैठक का मंच संचालन लोकचंद लहरवानी एवं आभार अर्जुनदास गंगवानी द्वारा किया गया । बैठक में प्रमुख रूप से अर्जुनदास पंजवानी, आवत राम तेजवानी, अध्यक्ष मन्नू मल मोटलानी , ब्रम्हानंद बजाज, गुरमुखदास वाधवा, भीमन धनवानी,अर्जुन वाधवानी, आसर जुमनानी, रूपचंद भीमनानी , भोजराज बजाज हरीश मोटलानी, हरीश सोनी,कमल गंगवानी, डॉक्टर करतार सिंह कंजवानी, अशोक तेजवानी,टेकचंद बजाज, रमेश गिडवानी, रूपलाल राजवानी, दीपक चंदानी, नितिन बत्रा, कौशल शर्मा, राजकुमार परचानी, मुरली पंजवानी, पंकज जेठानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे ।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती पर भव्य आयोजन मुख्यमंत्री की उपस्थि में सम्पन्न होगा चार जोड़ो का सामूहिक विवाह - भागवत साहू

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पावन पाप मोचनी एकादशी के शुभ अवसर पर आगामी 15 मार्च को डोंगरगांव में संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर जिला साहू समाज में व्यापक उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री भागवत साहू के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज साहू सदन में नगर, तहसील एवं जिला साहू संघ की संयुक्त तैयारी बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि कर्मा जयंती समारोह के एक दिन पूर्व शहर में भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से समाज की एकता, सामाजिक समरसता एवं संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जी के आदर्शों का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। रैली में युवा, महिला एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। बैठक में महामंत्री नीलमणी साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष राजेश साहू मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहू सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय बनाने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जी त्याग, सेवा, भक्ति और सामाजिक समरसता की प्रतीक रही हैं। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कर्मा जयंती महोत्सव के माध्यम से समाज उनके आदर्शों को आत्मसात करने एवं नई पीढ़ी तक उनके संदेश को पहुँचाने का संकल्प दोहराएगा। जिला साहू संघ ने समस्त समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

भक्ति और श्रद्धा से शिवमय हुआ आमाटोला विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल

अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम सिंघाभेड़ी हाड़ीटोला (आमाटोला) में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के भव्य समापन अवसर पर क्षेत्र का वातावरण पूर्णतः शिवमय हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक गोवर्धन तेजकुंवर नेताम के निवास पर किया गया, जिसमें खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू श्रद्धाभाव से शामिल हुए।विधायक श्री साहू ने विधिवत कथा श्रवण कर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों तथा आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करते हैं। शिव महापुराण की कथा केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार ही नहीं करती, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करती है।समापन अवसर पर पूरे ग्राम में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को अत्यंत भव्य और दिव्य बना दिया। ग्रामीणों ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोवर्धन नेताम जी, पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) राजनांदगांव के अध्यक्ष विपीन यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा के अध्यक्ष प्रताप घावड़े, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, प्रवक्ता कांग्रेस कमेटी राहुल तिवारी, दयाशंकर तिवारी, लक्ष्मण सिन्हा, पूनमचंद साहू, बिसंबर साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं का विषय विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार में महिलाओं की समान भागीदारी और नेतृत्व को रेखांकित करते हुये विद्यार्थियों में पोस्टर, और चलित मॉडल प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हेमलता वैष्णव, द्वितीय स्थान लैला पटेल, एवं तृतीय स्थान पर सरिता साहू व पूर्णिमा यादव रहें तथा मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूरन लाल व द्वितीय स्थान पर कुसुम पड़ौती ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. त्रिलोक कुमार सहायक प्राध्यापक शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्याथ्रियों को इस अवसर पर विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान आधारित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर दमगाडे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक रेणुका ठाकुर, चंचल स्टेला कुजूर, मन्नू लाल नायक, अतिथि सहायक प्राध्यापक जॉनसन प्रसाद चौधरी, अर्चना देवांगन, पवन देवांगन व गौरव देवांगन एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

सांगिनकछार में फाग एवं झांकी प्रतियोगिता 05 को

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम सांगिनकछार में एक दिवसीय भव्य भाग एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजन 5 मार्च को दिन गुरूवार को रखा गया है यह कार्यक्रम श्री राधा कृष्णा नवयुवक फाग समिति एवं समस्त ग्रामवासी सांगिनकछार के द्वारा हो रहा है। जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया है कि झांकी पक्ष में प्रथम पुरस्कार 3001रु, द्वितीय पुरस्कार 2500रु,तृतीय पुरस्कार 2000रु,चतुर्थ पुरस्कार 1600रु,पंचम पुरस्कार 1000रु, इसी तरह रचना पक्ष में प्रथम पुरस्कार 2600रु ,द्वितीय 2000 रु ,तृतीय 1600रु ,चतुर्थ 1100 रु,पंचम 700 रु, षष्टम पुरस्कार500 एवं प्रथम मंच मंडली को 301रु ,श्रेष्ठ झांकी 301रु, श्रेष्ठ वेशभूषा 301रु, श्रेष्ठ भेजो 301 रु,श्रेष्ठ नगाड़ा 301 रु,श्रेष्ठ गायन 301रु ,श्रेष्ठ बेंजी 301रु प्रत्येक मंडली के लिए सदाबहार दान 1500 रुपए रखा गया है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एनबीआईएस बोरी बना चैंपियन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शिक्षा सत्र 2025-26 में ग्यारहवीं वार्षिक अंतरराष्ट्रीय अबेकस, वैदिक व मेंटल मैथ्स ओलंपियाड में प्रतिभागी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाला परिवार के साथ ही , बच्चे, डायरेक्टर, प्रिंसिपल व कार्डिनेटर को सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय अबेकस, वैदिक व मेंटल मैथ्स ओलंपियाड की फाउंडर रितु अग्रवाल द्वारा स्वयं शाला पहुंचकर सभी को सम्मानित किया गया। मेंटल मैथ्स ओलंपियाड परीक्षा 20 नवंबर 2025 को आयोजित की गई थी , जिसमें शाला के बच्चों ने आनलाइन परीक्षा देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पहले चरण में चयनित छात्रों ने दिसंबर 2025 को 'सेमीफाइनल परीक्षा आनलाइन देकर अपना स्थान सुनिश्चित किया। जनवरी 2026 में फाइनल परीक्षा में शामिल छात्रों में से शाला के 30 छात्रों ने विभिन्न विधाओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा भारत, अमेरिका, दुबई, तज़ाकिस्तान सहित पूरे विश्व में आयोजित की जाती है। इस वर्ष भारत देश से 6587 छात्र ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया , जिसमें भारत के दिल्ली, मुंबई, नागपुर, रायपुर,भिलाई सहित विभिन्न देशों के 387 शालाओं ने अपनी सहभागिता दी। इस परीक्षा में भारत देश से 789 छात्र चयनित हुए। जिले के लिए गर्व की बात है कि नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी से 30 छात्र क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। शाला द्वारा बच्चों की उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी को विशिष्ट पहचान देतु सम्मानित किया गया। इसी तरह शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी को आउट स्टॉडिंग लीडर अवार्ड, शाला के अबेकस शिक्षक रमाकांत साहू को बेस्ट कॉर्डिनेटर अवार्ड तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाला को बेस्ट स्कूल रैंक वन से सम्मानित किया गया। शाला परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है। बच्चों की प्रतिभा अनुसार ब्यौरा इस प्रकार है , केजी टू से मनवीर सिंह अरोरा को अल्फा, गामा में चैंपियन ट्रॉफी के साथ नकद राशि 3000 , कक्षा पहली से रिद्धि सिन्हा व नव्या अग्रवाल को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा दूसरी से तन्विता सोनी , श्रेणु वर्मा, महिमा कौर, यशिमता चांवड़ा, वी रेयांश सोनी सभी को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा तीसरी से गामा ग्रुप से मनन अग्रवाल, भुमान्यू दिल्लीवार, अनाया कानुनगो, रेयांश मुदलियार, रावी आहुजा, विराज सिंह चौहान सभी को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा चौथी से वीरम जैन बिटा गामा ग्रुप में चैंपियन ट्रॉफी के साथ नकद 2000 की राशि प्राप्त हुआ , वहीं गुरशीन कौर अरोरा गामा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा पांचवी से रेहत कौर बग्गा बिटा गामा ग्रुप में चैंपियन ट्रॉफी के साथ 3000 राशि, अनय मोटवाली, रिशित साहू दोनों बिटा गामा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, अरनव रामटेके गामा ग्रुप व रेयांश चांवड़ा बिटा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा छठवीं से अद्भविता चांवड़ा बिटा गामा तिठा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, ईशान साहू नेशनल चैंपियन ट्रॉफी के साथ 1000 राशि, दक्ष भंडारी नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा सातवीं से नितिन वैष्णव बिटा गामा ग्रुप से चैंपियन ट्रॉफी के साथ 2500 की राशि, पलक जोशी, समरिद्धी जैन, तुष्टी साहू तीनों बिटा गामा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, वी अरनव सोनी बिटा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा आठवीं से बिटा ग्रुप से प्रखर सोनी, वंश साह व अर्जुन चौहान को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त हुए। संस्था के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा सभी पुरस्कृत छात्रों को बधाई देते हुए, आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं श्री बाजपेयी ने कहा कि हमारे लिए आज का दिन ऐतिहासिक है आज हमारे बच्चों ने हमारी शैक्षणिक गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिद्ध किया है साथ ही उन्होंने सभी समर्पित शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि आगामी 22 मार्च को दुबई तथा 4 जून को मलेशिया में अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा हेतु शाला के छात्र चयनित हुए हैं। शाला परिवार द्वारा सभी चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

अंतरराष्ट्रीय मैथ्स ओलंपियाड में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com